**12 hrs.**

RE: NON-OFFICIAL BUSINESS

**Mr. Speaker:** About the non-official business, I have just to state hat it would b more convenient for the Prime Minister if the second resolution is taken up first—Shri Hem Barua's resolution. So, I will take up that at 4 30. First, that resolution will be taken up.

---

**12.01 hrs.**

RE: CALLING ATTENTION NOTICE

**श्री बागड़ी** (हिसार) : अध्यक्ष महोदय, मैं एक व्यवस्था का सवाल उठाना चाहता हूं . . . .

**अध्यक्ष महोदय** : एक काम अभी खत्म हुआ है, दूसरा शुरू नहीं हुआ । इस लिए इस वक्त व्यवस्था का कोई सवाल नहीं उठ सकता ।

**श्री बागड़ी** : मेरा सवाल झुग्गी झोंपडियों के बारे में है । उनको रोजाना गिराया जा रहा है

**अध्यक्ष महोदय** : मैं ने आप से बार बार कहा कि अगर आप को कोई शिकायत हो तो आप जरा मेरे पास आने की तकलीफ किया करें और मुझे बतलाएं, अगर मैं कुछ कर सकता हूं तो करूंगा । इस तरह यहां खड़ा हो जाना तो उचित नहीं है । मुझे बार बार वही अल्फाज आप से कहने पड़ते हैं ।

**श्री बागड़ी** : अध्यक्ष महोदय, मेरी एक मिनट में एक अर्ज सुन लें । अर्ज यह है कि आपने कहा कि वहां आ कर बताइए । लेकिन हमें पता तो लगे कि आखिर क्या कुछ हुआ । हमको रिटिन जवाब मिलना चाहिए । आप का एक आदमी आता है और कह जाता है कि अंडर कंसीडरेशन है । जो कालिंग अटेंशन नोटिस होता है उसका हम को लिखित जवाब मिलना चाहिए । यह कितना अहम सवाल है । हजारों आदमियों के घर गिराए जा रहे हैं ।

**अध्यक्ष महोदय** : आर्डर आर्डर । अब आप इस बारे में स्पीच नहीं कर सकते । जब मेरे पास १५ नोटिस होते हैं और ११ बजने में दस या पांच मिनट बाकी रहते हैं । उस वक्त मैं सब को तहरीरी उत्तर नही दे सकता । इस बारे में मैं ने अपनी असमर्थता आप को बतलायी थी । जो आप को जबानी खबर भेजी जाती है उस पर ऐतबार करना चाहिए । और फिर भी आप को कोई शिकायत हो तो मेरे पास आइए, मैं आप से बात करके उस कालिंग अटेंशन नोटिस को निकाल सकता हूं और देख सकता हूं और जो हो सकता है उसको करने के लिए बेशक तैयार हूं ।

**श्री बागड़ी** : मैं ने तो कल नोटिस दिया था ।

**अध्यक्ष महोदय** :आप को जवाब मिल गया कि जेर गौर है । अब आप को इन्तिजार करना चाहिए जिस वक्त हो जाएगा आप को इत्तिला दी जाएगी ।

---

**12.02 hrs.**

PAPERS LAID ON THE TABLE

STATEMENT OF CASES IN WHICH LOWEST TENDERS HAVE NOT BEEN ACCEPTED

**The Minister of Supply in the Ministry of Economic and Defence Coordination (Shri Hathi):** Sir, I beg to lay on the Table a statement of cases in which the lowest tenders have not been accepted by the India Store Department, London and the India Supply Mission, Washington, during the half-year ending the 31st December, 1962. [Placed in Library, See No. LT-1045/63.]

NOTIFICATION UNDER DELIMITATION COMMISSION ACT

**The Deputy Minister in the Ministry of Law (Shri Bibudhendra Misra):** Sir, I beg to lay on the Table under sub-section (3) of section 10 of the Delimitation Commission Act, 1962 a copy of Order No. 1 of the Delimitation Commission published in Notification No. S. O. 874 dated the 21st March, 1963 determining the number of seats in Lok Sabha to be allocated to various States. [Placed in Library, see No. LT-1046/63.]